### मेदिनीनगर नगर निगम में डिप्टी मेयर पद को लेकर बढ़ी हलचल

# 35 वार्डों के गणित में दावेदार सक्रिय, समर्थन जुटाने की तेज हुई कवायद

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम में डिप्टी मेयर पद को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। मनोज सिंह और नीरा देवी के बाद अब वार्ड संख्या 18 के वार्ड पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी ने भी अपनी दावेदारी पेश कर दी है। तीन प्रमुख दावेदारों के मैदान में आने से 35 वार्डों वाले नगर निगम की आंतरिक राजनीति में नए समीकरण उभरते दिख रहे हैं।

डिप्टी मेयर का पद महज औपचारिक नहीं, बल्कि प्रशासनिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। मेयर के सहयोगी के रूप में डिप्टी मेयर स्थायी समितियों के संचालन, बैठकों के समन्वय और नीतिगत निर्णयों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इस पद के लिए पार्षदों का भरोसा और बहुमत समर्थन अनिवार्य हो जाता है।





मनोज सिंह को उनके संगठनात्मक अनुभव के कारण एक मजबूत दावेदार माना जा रहा है। वे जयपुर में नगर पालिका के उपाध्यक्ष पद पर रह चुके हैं, जिससे उन्हें प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समझ का लाभ मिल सकता है। दूसरी ओर, नीरा देवी महिला नेतृत्व के रूप में अपनी सक्रियता और संवाद क्षमता के आधार पर समर्थन जुटाने में लगी हैं। वहीं विवेकानंद त्रिपाठी वार्ड स्तर पर अपनी निरंतर सक्रियता और जनसंपर्क को आधार बनाकर पार्षदों से संपर्क साध रहे हैं।

समीक्षात्मक दृष्टि से यह मुकाबला केवल तीन व्यक्तियों के बीच नहीं, बल्कि 35 वार्डों के राजनीतिक संतुलन की परीक्षा भी है। नगर निगम की राजनीति में व्यक्तिगत संबंध, क्षेत्रीय समीकरण और आपसी समझदारी निर्णायक भूमिका निभाते हैं। कई पार्षद अभी खुलकर अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं कर रहे हैं, जिससे अंतिम समय तक तस्वीर बदलने की संभावना बनी हुई है। इसके साथ ही यह भी माना जा रहा है कि इस प्रक्रिया में धनबल और जनबल का प्रभाव पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। नगर निकाय की राजनीति में समर्थन जुटाने के लिए व्यक्तिगत प्रभाव, संसाधन और सामाजिक आधार महत्वपूर्ण कारक होते हैं। यद्यपि यह सब औपचारिक रूप से सामने नहीं आता, फिर भी राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अंतिम क्षणों में समीकरण बदलना असामान्य नहीं है।

अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि 35 वार्डों के पार्षद किस उम्मीदवार को डिप्टी मेयर की जिम्मेदारी सौंपते हैं। यह निर्णय न केवल नगर निगम की आंतरिक कार्यशैली को प्रभावित करेगा, बल्कि शहर के विकास की दिशा और प्राथमिकताओं पर भी असर डालेगा।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 390 मरीजों की जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रकाशचंद जैन सेवा सदन, डालटनगंज के तत्वावधान में चैनपुर प्रखंड के कंकारी स्थित सेवा सदन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. डी.पी. केशरी, डॉ. रिशिता सिंह, डॉ. साधना जयसवाल, डॉ. मोहित कुमार एवं दिल्ली के डॉ. अभिषेक सिंह ने मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवा प्रदान की।

महासचिव सुरेश कुमार जैन ने बताया कि इस शिविर में कुल 390 मरीजों की जांच की गई। संयुक्त सचिव सौमित्रो भट्टाचार्य ने बताया कि इससे पूर्व 18 जनवरी 2026 को 418 तथा 21 दिसंबर 2025 को 248 मरीजों की जांच की गई थी।

शिविर को सफल बनाने में ब्रजेश तिवारी, सुरेश उदयपुरी, अनुपम तुल्सयान, देवाशीष कुमार राय, सुनील कुमार जयसवाल, रामानंदन, संतोष कुमार, कन्हाई, राहुल कुमार, सूरज कुमार, राजु कुमार, जसिता, अनिता देवी, अंजू देवी, पम्मी कुमारी, पूनम कुमारी, ललिता कुमारी, अनीता देवी सहित अनेक लोगों का सहयोग रहा।

### मेदिनीनगर में होली व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक

# पुलिस ने हुड़दंगियों को चेताया, भाईचारे की परंपरा कायम रखने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** होली और रमजान पर्व को लेकर सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी लालजी ने की, जबकि संचालन सहायक अवर निरीक्षक समाल अहमद ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं।

बैठक में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आजाद समाज पार्टी के अजय सिंह चेरो, सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम, अवर निरीक्षक चंद्रशेखर दूबे, सहायक अवर निरीक्षक पंकज तिवारी, तिलेश्वर रजक, नबी अंसारी, योगेंद्र पासवान, अरबिंद गुप्ता, चियांकी मुखिया बिनको उरांव, समाजसेवी अजीत मेहता, बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मुकेश तिवारी, सुलेमान अंसारी, सुरेंद्र तिवारी, बसंत मेहता, शंभु ठाकुर, अविनाश गुप्ता, जैरून निशा, शिक्षक रविंद्र सिंह समेत दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

सदर थाना प्रभारी लालजी ने कहा कि पर्व के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। किसी की इच्छा के विरुद्ध रंग नहीं लगाया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पुलिस गश्ती बढ़ाई जाएगी तथा सभी चौक-चौराहों पर विशेष नजर रखी जाएगी। सामाजिक माध्यमों जैसे फेसबुक और व्हाट्सऐप पर भ्रामक संदेश प्रसारित करने से बचने की अपील की गई। शराब पीकर हंगामा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम ने कहा कि पलामू में दोनों समुदाय के लोग वर्षों से एक-दूसरे के पर्व मिल-जुलकर मनाते आ रहे हैं। यहां की सांप्रदायिक एकता और भाईचारा मिसाल है। उन्होंने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने तथा कानून अपने हाथ में न लेने की अपील की।

## शांति व सद्भाव से मनाएं होली प्रशासन की रहेगी पैनी नजर




**चैनपुर।** थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान भारत की पहचान है। उन्होंने लोगों से शांति और भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब पीकर हुड़दंग करने या सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। प्रशासन ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सजग है।

## सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका कुमारी स्वर्णलता को दी गई भावभीनी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जगतपुरवा की प्रधानाध्यापिका कुमारी स्वर्णलता के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार एवं प्रखंड के शिक्षकों द्वारा सम्मान-सह-विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षक प्रतिनिधि मनोज कुमार मेहता एवं नव प्रधानाध्यापिका किरण बाला ने किया, जबकि मंच संचालन बसंत विश्वकर्मा ने किया। समारोह में अजप्टा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, मध्य विद्यालय रजवाडीह के प्रधानाध्यापक सह शिक्षाविद परशुराम तिवारी, अनीता भेंगरा, लेस्लीगंज के डीडीओ वीरेंद्र कुमार मिश्रा, शंभू मिस्त्री, अजप्टा प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार, आरती लता, पूनम रानी, अजय कुमार सिंह, श्रीमती मंजू कुमारी, संजय कुमार, अरविंद राम, मनोज कुमार, अरविंद कुमार, मोहम्मद आसिन, योगेन्द्र कुमार, जगन्नाथ सिंह सहित अनेक कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षिका के पारिवारिक सदस्य सुपुत्री पल्लवी, सुपुत्र गोलू, पुत्रवधू मधुलिका, दामाद नितेश एवं भाई बबलू भी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने श्रीमती कुमारी स्वर्णलता के कार्यों की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की। विद्यालय परिवार एवं अतिथियों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया। अंत में कुमारी स्वर्णलता ने भावुक शब्दों में सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में होली मिलन समारो

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की, जबकि संचालन संजय कुमार ने किया। अपने संबोधन में उदय राम ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है और यह पर्व समाज को अनेकता में एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि रंगों का यह त्योहार आपसी कटुता और मनमुटाव को भुलाकर प्रेम और भाईचारे के रंग में रंग जाने की प्रेरणा देता है। समाज में समरसता और सौहार्द बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। संचालक संजय कुमार ने कहा कि होली आपसी द्वेष और अहंकार को समाप्त कर रिश्तों को मजबूत बनाने का अवसर प्रदान करती है। समारोह के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

## राज्य स्तरीय विधिक सेवा सम्मेलन में पीएलवी चन्द्रदेव प्रजापति सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में छठा राज्य स्तरीय दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित हुआ। उद्घाटन न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायमूर्ति आनंद सेन, न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी, सेवा निवृत्त न्यायमूर्ति अम्बुजनाथ एवं सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने किया।

सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य के लिए पलामू के पीएलवी चन्द्रदेव प्रजापति को न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद द्वारा मोमेंटो एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा, डालसा सचिव राकेश रंजन, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, मीडिएटर कुमार शिवाजी सिंह, बरुन कुमार सिंह, पैनल अधिवक्ता विक्रम सहाय, पीएलवी विनय प्रसाद, अनुरेखा देवी, चन्द्रदीप प्रजापति सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विद्यालयों में सकारात्मक वातावरण निर्माण पर कार्यशाला आयोजित

**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), पलामू के तत्वावधान में विद्यालयों में सकारात्मक वातावरण निर्माण विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्या अमृता सिंह ने किया। मास्टर प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, अमरेश कुमार सिंह, श्यामलाल उरांव और मनोज कुमार ने शिक्षकों के बीच विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। कार्यशाला का संचालन संकाय सदस्य जितेंद्र कुमार तिवारी ने किया। प्राचार्या अमृता सिंह ने कहा कि बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए विद्यालय में सकारात्मक माहौल आवश्यक है। शिक्षकों के छोटे-छोटे प्रयास बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने कहा कि विद्यालय में आपसी आदर, विश्वास, सुरक्षा और सहयोग का वातावरण होना चाहिए। इससे पढ़ाई प्रभावी होती है और बच्चे सीखने में रुचि लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक और अभिभावकों के बीच भावनात्मक जुड़ाव शिक्षा को आगे बढ़ाता है।

## न्यूज बॉक्स

### अखबार विक्रेता संघ का होली मिलन समारोह



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर में पलामू जिला अखबार विक्रेता संघ द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष गोपाल प्रजापति, उपाध्यक्ष मनोज प्रजापति, सचिव बीरेंद्र प्रजापति, भुनेश्वर प्रजापति, सतीश कुमार, उत्तम कुमार, मनोज गुप्ता, नंदकिशोर, बरजकिशोर, सतेन्द्र प्रजापति, राजन कुमार, अमित राज, अविषेक, अंजनी पांडेय, पंकज, रितेश और आशुतोष पांडेय सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### चैनपुर में चौकीदारों को वेतन नहीं मिलने से मायूसी

**चैनपुर।** होली पर्व नजदीक आने के बावजूद चौकीदारों को पिछले कई महीनों से वेतन नहीं मिलने से उनमें निराशा है। राज्य के वित्त मंत्री द्वारा होली से पहले वेतन भुगतान का आश्वासन दिया गया था, परंतु अब तक राशि नहीं मिली है। चौकीदारों ने बताया कि पर्व में केवल दो दिन शेष हैं, लेकिन घर में कोई तैयारी नहीं हो सकी है। इस मौके पर चौकीदार सरवन कुमार, संजय, मोहम्मद जावेद, संतोष, अंकित, रमेश, अवधेश, अरुण, नंदन, पवन एवं पंकज उपस्थित थे।

### नवाचार से ही बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी : अविनाश देव

**मेदिनीनगर।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, पलामू में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी सह नवाचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि अविनाश देव का अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। अपने संबोधन में अविनाश देव ने कहा कि नवाचार और अनुसंधान से ही देश तकनीकी रूप से आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि यदि भारतीय विद्यार्थियों को उचित प्रोत्साहन मिले तो वे विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं। कार्यक्रम में इंजीनियर केतन राज मेहता सहित कॉलेज की पूरी टीम की सक्रिय भूमिका रही।

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद का होली मिलन समारोह संपन्न

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पलामू के जिला कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष दामोदर मिश्र ने बताया कि समारोह में परिषद के सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर रंगों के त्योहार का स्वागत किया। पूरा वातावरण पारंपरिक फगुआ गीतों से गुंजायमान रहा। सभी सदस्यों ने गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए कार्यरत एक निबंधित तथा केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था है। परिषद के सदस्य एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ निभाते हैं। होली मिलन समारोह इसी आपसी एकता और भाईचारे को मजबूत करने की कड़ी है। परिषद ने जिलेवासियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को होली की बधाई देते हुए हंसी-खुशी त्योहार मनाने की अपील की। कार्यक्रम में संरक्षक शिवजी सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा, महासचिव सुनील कुमार सिंह, पूर्व महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री हरिहर तिवारी, सचिव समता प्रसाद शर्मा, पेंशन अधिकारी कामाख्या नारायण सिंह, समन्वय अधिकारी रमन श्रीवास्तव, अमित तिवारी, ब्रिज बिहारी सिंह, धनंजय सिंह, अजय कुमार सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## बर्खास्त 251 अनुसेवकों का एक वर्ष पूरा, समायोजन की मांग तेज

**मेदिनीनगर।** 251 बर्खास्त अनुसेवकों को सेवा से हटाए जाने का एक वर्ष पूरा हो गया। एक मार्च 2026 को तत्कालीन उपायुक्त, पलामू द्वारा जारी कार्यालय आदेश के तहत इन अनुसेवकों की सेवा समाप्त कर दी गई थी। इसके बाद से सभी अनुसेवक रोजगार से वंचित हैं और समायोजन की मांग को लेकर लगातार प्रयास कर रहे हैं। अनुसेवकों का कहना है कि उन्होंने उपायुक्त के माध्यम से तथा सीधे मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार को आवेदन देकर पुनः समायोजन की मांग की, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया। इसी क्रम में तीन जनवरी 2026 को अनुसेवकों ने पलामू समाहरणालय से पैदल मार्च करते हुए मुख्यमंत्री आवास के निकट नागाबाबा खड़ताल के पास धरना दिया। उनका आरोप है कि सरकार और राजनीतिक दलों ने अब तक उनकी सुध नहीं ली है। बर्खास्त अनुसेवकों में दो की मृत्यु भी हो चुकी है। अनुसेवकों की मांग है कि सभी 251 लोगों को सीधे समायोजित किया जाए। धरना कार्यक्रम में सुधाकर दुबे, सुरेंद्र सिंह, शशि कुशवाहा, मनदीप कुमार, विवेका शुक्ला, कृष्णा पासवान, अरविंद पाल, संजय राम सहित अन्य अनुसेवक उपस्थित रहे।

### कुंदरी लाह बगान के पुनर्जीवन की योजना

# 1500 परिवारों के लिए रोजगार और समृद्धि की नई उम्मीद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए एक बड़ी योजना बनाई है। इसका उद्देश्य जंगलों का विस्तार करना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। इसी योजना के तहत पलामू जिले के कुंदरी लाह बगान के विकास और जीर्णोद्धार के लिए अलग से बजट का प्रावधान किया गया है। एशिया के सबसे बड़े प्राकृतिक लाह बगान के रूप में प्रसिद्ध इस क्षेत्र के लिए पहली बार विशेष राशि तय की गई है, जिससे स्थानीय लोगों में नई उम्मीद जगी है।



कुंदरी लाह बगान 421 एकड़ भूमि में फैला हुआ है। एक समय यह क्षेत्र पलामू की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार था। यहां वर्तमान में लगभग 90 हजार पलास के पेड़ हैं। वर्ष 2013 में पेड़ों की संख्या घटकर केवल 35 हजार रह गई थी। तब लगभग 750 ग्रामीणों ने मिलकर दिन-रात इसकी रखवाली की और वर्ष 2017 तक पेड़ों की संख्या बढ़ाकर लगभग 1 लाख 25 हजार कर दी। अब सरकार की पहल से इसे फिर से पुराने स्वरूप में लाने की तैयारी की जा रही है।

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने स्वयं बगान का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। अनुमान है कि जीर्णोद्धार के बाद यहां से प्रतिवर्ष 80 से 100 करोड़ रुपये तक की आय हो सकती है। इस योजना से सीधे तौर पर लगभग 1500 परिवारों को रोजगार का अवसर मिलेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि वैज्ञानिक पद्धति से लाह उत्पादन किया जाए तो एक व्यक्ति को प्रतिवर्ष 1.5 से 2 लाख रुपये तक की आय हो सकती है।

स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार 1980 के दशक में पलामू क्षेत्र में लगभग 4885 टन बीज लाह का उत्पादन होता था। यहां की लाह की गुणवत्ता देशभर में प्रसिद्ध थी। ग्रामीणों का मानना है कि यदि बगान का विकास होता है तो युवाओं को रोजगार के लिए बाहर पलायन नहीं करना पड़ेगा। सरकार की यह योजना केवल लाह उत्पादन तक सीमित नहीं है। भारत वन स्थिति प्रतिवेदन 2023 के अनुसार झारखंड का लगभग 29.76 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है। वर्ष 2026-27 में 2.60 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पलामू सहित अन्य जिलों में पर्यावरण पर्यटन और जैव विविधता उद्यान विकसित किए जा रहे हैं। कुंदरी लाह बगान का विकास भविष्य में लाह उत्पादन के साथ-साथ पर्यटन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# बिजका गोलीकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार



● जमीन विवाद में रची गई थी हत्या की साजिश, मुख्य आरोपी फरार

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरिया (गढ़वा)।** भंडरिया थाना क्षेत्र के बिजका साप्ताहिक हाट में 25 फरवरी को हुई दीपक चौधरी की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। भंडरिया थाना पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि मुख्य आरोपी अब भी फरार है। रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि जमीन विवाद के कारण हत्या की साजिश रची गई थी। आरोप है कि एक लाख रुपये में शूटर तय किए गए थे। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त भरठुआ बंदूक, गोली, मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिल जब्त की गई हैं।

मृतक के भाई के बयान पर आठ नामजद आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## एडमिट कार्ड के नाम पर 700 रुपये वसूली का आरोप

# अभिभावकों ने जांच की मांग की विद्यालय प्रबंधन ने किया इनकार

नवीन मेल संवाददाता




**केतार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय में नौवीं कक्षा के एडमिट कार्ड वितरण को लेकर प्रति छात्र 700 रुपये वसूले जाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर छात्रों एवं अभिभावकों में नाराजगी व्याप्त है। विद्यालय के छात्र नैतिक कुमार, श्यामलाल सिंह, लव कुमार, संदीप प्रजापति, कुणाल प्रजापति, कन्हैया ठाकुर, सत्यम पाल, आयुष ठाकुर, रंजन पाल, संतोष विश्वकर्मा व राहुल गुप्ता ने बताया कि एडमिट कार्ड देने के नाम पर उनसे 700 रुपये लिए जा रहे हैं। छात्रों का कहना है कि राशि की रसीद भी दी जा रही है, जिससे अभिभावकों के बीच असमंजस की स्थिति है।

अभिभावकों का कहना है कि पंजीयन के समय ही सभी निर्धारित शुल्क जमा कर दिए गए थे। इसके बावजूद अतिरिक्त राशि वसूली समझ से परे है। उन्होंने आरोप लगाया कि बच्चों पर दबाव बनाकर पैसे लिए जा रहे हैं।

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जवाहर दुबे ने कहा कि एडमिट कार्ड के लिए अलग से कोई शुल्क निर्धारित नहीं है। यदि कहीं राशि ली जा रही है तो जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। मामले ने तूल पकड़ लिया है और अभिभावक प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

## खरौंधी में शतचंडी महायज्ञ की तैयारी तेज 5 से 9 मार्च तक चलेगा धार्मिक अनुष्ठान



**खरौंधी (गढ़वा)।** खरौंधी बाजार स्थित नव निर्मित देवी मंदिर में 5 से 9 मार्च तक शतचंडी महायज्ञ का आयोजन होगा। यज्ञ पूर्व पूजा-अर्चना व ध्वज स्थापना की गई है। बिहार से आए कथावाचक पंडित विनय कांत प्रतिदिन कथा वाचन कर रहे हैं। यज्ञ समिति के संरक्षक उपेंद्र दास व अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान ने लोगों से सहभागिता की अपील की है।

## बड़गड़ से बाल विवाह मुक्ति रथ रवाना जागरूकता अभियान से कुरीति उन्मूलन का संदेश




**बड़गड़।** जिला प्रशासन गढ़वा एवं लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में थाना परिसर से बाल विवाह मुक्ति रथ को रवाना किया गया। थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह दंडनीय अपराध है, जिसमें दो वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है। रथ प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में जागरूकता फैलाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## शिक्षक जीतन ठाकुर को भावभीनी विदाई : नम आंखों से छात्रों-अभिभावकों ने कहा - 'हमें छोड़कर मत जाइए'



**रंका (गढ़वा)।** रंका प्रखंड के तमगे मिडिल स्कूल में रविवार दोपहर एक भावुक समारोह का आयोजन कर वरिष्ठ शिक्षक जीतन ठाकुर को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। वर्षों तक सेवा, समर्पण और स्नेह से विद्यालय को नई दिशा देने वाले शिक्षक के सम्मान में विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं स्थानीय गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने प्रिय शिक्षक पर पुष्पवर्षा की। कई बच्चे भावुक होकर रो पड़े और "सर, हमें छोड़कर मत जाइए" कहकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। जीतन ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा से निवृत्ति जीवन का स्वाभाविक क्रम है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने तथा जीवन में अनुशासन अपनाने की सीख दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद मिंज सहित अन्य शिक्षकों ने उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में तमगे पंचायत की मुखिया रिंकी देवी समेत कई अभिभावक उपस्थित थे।

## दूसरी किश्त नहीं मिलने से 150 लाभुकों का आवास अधूरा

# छह माह से प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगा रहे लाभुक

नवीन मेल संवाददाता



**केतार।** केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दूसरी किश्त की राशि लंबित रहने से प्रखंड क्षेत्र के लगभग 150 लाभुकों का आवास निर्माण अधूरा पड़ा है। लाभुक 75 हजार रुपये की दूसरी किश्त के भुगतान के लिए छह माह से पंचायत सचिवालय व प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। मुकुन्दपुर के अशोक साह, यमुना साह, राजनाथ साह तथा बलिगढ़ के संजय गुप्ता ने बताया कि पहली किश्त 40 हजार रुपये मिलने के बाद उन्होंने कर्ज लेकर निर्माण कार्य शुरू किया। छत ढलाई से पहले ही राशि रुक जाने से निर्माण अधर में लटका है। कई परिवार अधूरे मकान में झोपड़ी बनाकर रहने को विवश हैं। आवास समन्वयक उमेश कुमार बेसरा ने बताया कि दूसरी किश्त के लिए आवंटन प्राप्त हो चुका है और एक सप्ताह के भीतर राशि खातों में भेज दी जाएगी।

# ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ट्रैक साइक्लिंग में आमिर रियाज़ ने जीते तीन स्वर्ण

● श्री बंशीधर नगर में भव्य स्वागत, जिले का नाम किया रोशन

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** जिले के लिए गर्व की खबर है कि युवा साइकिलिस्ट आमिर रियाज़ ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड मेडल अपने नाम किए। इस उपलब्धि पर नगर में हर्ष का माहौल रहा। हनुमान मोड़ पर आयोजित सम्मान समारोह में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने आमिर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद नगर भ्रमण के दौरान पटाखे फोड़े गए और फूल बरसाकर स्वागत किया गया। आमिर रियाज़ ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कोच और नगरवासियों को दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और निरंतर अभ्यास से यह उपलब्धि संभव हुई है तथा भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना उनका लक्ष्य है।

# 15 मार्च से 'मां चतुर्भुनी प्रीमियर लीग' का आगाज

● नाइट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 की तैयारियां पूरी

नवीन मेल संवाददाता



**केतार।** क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से 15 मार्च से माँ चतुर्भुनी प्रीमियर लीग नाइट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का आयोजन किया जाएगा। बैठक में टूर्नामेंट को पारदर्शी व भव्य बनाने का निर्णय लिया गया। विजेता टीम को 51 हजार रुपये व ट्रॉफी तथा उपविजेता को 31 हजार रुपये व ट्रॉफी दी जाएगी। आयोजन समिति ने टीमों से समय पर निबंधन कराने की अपील की है।

# सहायक अध्यापकों का सम्मान व होली मिलन समारोह

● सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** श्री बंशीधर नगर सहायक अध्यापक संघ प्रखंड कमिटी के तत्वावधान में उत्क्रमित मध्य विद्यालय रक्सा में विदाई, सम्मान एवं होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सहायक अध्यापकों अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा, विनोद ठाकुर व विनोद महतो को माला एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि एकता और संघर्ष के कारण ही सहायक अध्यापकों को सहायक आचार्य बनने का अवसर मिला। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। संचालन संघ के सचिव हृदया प्रसाद गुप्ता ने किया।

## नव निर्वाचित अध्यक्ष साधना देवी की भव्य आभार यात्रा

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** नगर पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद साधना देवी ने गोसाईबाग मैदान से भव्य आभार यात्रा निकाली। यात्रा मुख्य बाजार, हनुमान मोड़, पालहे व जंगीपुर सहित सभी वार्डों से होकर गुजरी। समर्थकों ने गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया और जगह-जगह फूल बरसाए। अध्यक्ष ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है और नगर के समग्र विकास के लिए प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा।

## जमुआ में पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास, 2.49 लाख की लागत से बनेगी सड़क



**कांडी (गढ़वा)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम जमुआ में ओवधेश राम के घर से दिनेश राम के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। करीब 2 लाख 49 हजार रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडे ने पूजा-अर्चना कर किया। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण से आवागमन की सुविधा बेहतर होगी। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## पर्वों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# हुड़दंग व अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : थाना प्रभारी



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** होली, रामनवमी एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए नगर ऊंटारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने की।

थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने स्पष्ट कहा कि हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, आपत्तिजनक गाना बजाने या अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने की भी जानकारी दी गई। बैठक के अंत में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर सौहार्द का संदेश दिया।

# रमना में होली महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

नवीन मेल संवाददाता




**रमना।** थाना परिसर में शनिवार को आगामी होली महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि होली एक महान और उल्लासपूर्ण पर्व है, जिसे हम सभी को आपसी भाईचारे और प्रेमभाव के साथ मिलकर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता और सद्भाव ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है।

अंचलाधिकारी विकास पांडेय ने कहा कि होली खुशियों का पर्व है, लेकिन मोबाइल और सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाली अफवाहों से विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री को वायरल करने वाले ही नहीं, बल्कि उसे फॉरवर्ड करने वाले भी समान रूप से दोषी माने जाएंगे। उन्होंने युवाओं से जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने की अपील की।

थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि रमना क्षेत्र में प्रत्येक त्योहार शांति और आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाता रहा है और इस परंपरा को आगे भी कायम रखना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेंगे तो प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने भी सभी से प्रेम और सद्भाव के साथ होली मनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र राम ने किया। बैठक में 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, प्रमुख प्रतिनिधि अजीत सोनी, कर्णपुरा मुखिया अजीत कुमार पांडेय, देवी, बीरेंद्र बैठा, चुन्नू सिंह, डॉ. पारसनाथ, पंकज कुमार सिंह, नागेंद्र कुमार सिंह, मुन्ना सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भवनाथपुर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक, प्रशासन ने सौहार्द बनाए रखने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता



**भवनाथपुर।** आगामी होली पर्व को लेकर शनिवार को स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख शोभा देवी एवं अंचल अधिकारी शंभू राम ने संयुक्त रूप से की। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया और पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया।

अंचल अधिकारी शंभू राम ने कहा कि होली आपसी प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। इसे शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से होलिका दहन के दौरान सतर्कता बरतने की अपील की, ताकि किसी प्रकार की जन या संपत्ति की क्षति न हो। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह या विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने दें तथा प्रशासन को समय पर सूचना दें। उन्होंने यह भी बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार डीजे बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने लोगों से अपील की कि रंगों का यह त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए, ताकि समाज में आपसी भाईचारा कायम रहे। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने उपस्थित लोगों से कहा कि असामाजिक तत्वों पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि होली को देखते हुए अवैध शराब के कारोबार पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी तथा हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

कार्यक्रम का संचालन सुरेश गुप्ता ने किया। बैठक में जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा, एसआई परवेज आलम, विक्कू कुमार रजक, एएसआई नारायण प्रसाद, जगबंधु महतो, निरंजन शर्मा, मुखिया बेबी देवी, नंदलाल पाठक, सोना किशोर यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, ब्रजेश सिंह, वरुण विहारी यादव, संतोष चंद्रवंशी, चंदन ठाकुर, अख्तर अंसारी, जमरुद्दीन अंसारी, दयानंद प्रजापति, बीडीसी शकील अहमद, शफीक अंसारी, प्रदीप गुप्ता, जमुना पासवान, रामप्रीत कोरवा, सच्चिदानंद सिंह, मिथिलेश चौरसिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय



नवीन मेल संवाददाता

**रंका (गढ़वा)।** होली पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर अनुमंडल मुख्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह ने की।

बैठक में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का निर्णय लिया। अंचलाधिकारी शिव पूजन तिवारी, पुलिस निरीक्षक गौतम मिश्रा एवं थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। एसडीपीओ ने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। प्रशासन और जनता के सहयोग से होली शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया गया।

# तरवाडीह में शिव मंदिर स्थापना दिवस पर निकली कलश यात्रा



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के तरवाडीह गांव में शिव मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। यात्रा के दौरान हर हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए मंदिर परिसर तक पहुंचकर पूजा-अर्चना की और सुख-शांति की कामना की। मौके पर उपस्थित पुरोहित ललित पांडे ने कहा कि कलश यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे कार्यक्रमों से गांव और समाज में आपसी विश्वास, भाईचारा और सहयोग की भावना मजबूत होती है।

उन्होंने कहा कि सामूहिक पूजा-अर्चना से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे समाज में सौहार्द बना रहता है।कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में गांव के युवाओं और समिति के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और पूरे दिन भक्तों का आना-जाना लगा रहा।

### महुआडांड़ में होली का उत्साह : कल सुबह पांच बजे होगा होलिका दहन

# शास्त्री चौक पर पांच मार्च को होगा मटका फोड़ कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राचीन देवी मंडप के समीप हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होलिका दहन का कार्यक्रम पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और स्थानीय श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने इस पावन अवसर पर महुआडांड़ प्रखंड के समस्त प्रबुद्ध नागरिकों और श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और इसमें क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की जाएगी।



कार्यक्रम के शुभ मुहूर्त और समय के संबंध में जानकारी देते हुए पंडित सर्वेश पाठक ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार इस वर्ष होलिका दहन का विशेष योग बन रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वर्ष होलिका दहन का कार्यक्रम मंगलवार को तड़के सुबह 5:00 बजे संपन्न किया जाएगा। पंडित पाठक ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया है कि वे शुभ मुहूर्त में उपस्थित होकर होलिका पूजन करें और धर्म लाभ उठाएं। वहीं इस वर्ष रंगों का त्योहार होली बुधवार और गुरुवार को दो दिनों तक हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी।

उत्सव की कड़ी में स्थानीय शास्त्री चौक पर भी विशेष रौनक देखने को मिलेगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शास्त्री चौक में हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के नेतृत्व में भव्य मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस रोमांचक प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी संख्या में युवाओं और स्थानीय लोगों के जुटने की उम्मीद है। अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने सभी क्षेत्रवासियों से शांतिपूर्ण और प्रेमपूर्वक तरीके से रंगों के इस पर्व को मनाने की अपील की है।

# एयर एंबुलेंस हादसे के पीड़ित परिवार को सांसद ने दिया आर्थिक सहयोग

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह एयर एंबुलेंस हादसे में प्रभावित परिवार से मिलने दूसरी बार चंदवा पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा आर्थिक सहायता भी प्रदान की। सांसद ने कहा कि इस दुख की घड़ी में वे मृतक के आश्रितों के साथ 24 घंटे मजबूती के साथ खड़े हैं। सांसद ने बताया कि हादसे में मृतक के आश्रितों को दो करोड़ रुपए का आर्थिक मुआवजा दिलाने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बातचीत की है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है और पूरे क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति है। मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, चंदवा पूर्वी मंडल अध्यक्ष आशीष सिंह, लाल रंजन नाथ शाहदेव, सांसद प्रतिनिधि दीपक निषाद, विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विनय रिकी वर्मा, चंद्रभूषण केसरी, रामयश पाठक, संजीव आजाद, मुरारीलाल साहू, संजय साव, प्रेम नाथ गुप्ता, विजय साव, छोटे साव, मनोज पाठक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## जेएलकेएम नेताओं ने की राज्यपाल से मुलाकात एयर एंबुलेंस हादसे पर जांच व मुआवजे की मांग

**चंदवा।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय नेता देवेंद्र नाथ महतो के साथ मृतक संजय कुमार के परिजनों ने एयर एंबुलेंस दुर्घटना मामले में मृतकों के आश्रितों को समुचित मुआवजा एवं उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच की मांग को लेकर राजपाल से मुलाकात की। इस संबंध में उन्होंने राज्यपाल संतोष गंगवार को पत्र सौंपकर हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि 23 फरवरी 2026 को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से दिल्ली जा रही एयर एंबुलेंस चतरा जिले के सिमरिया क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें सात लोगों की असमायिक मौत हो गई। इस हादसे में चंदवा निवासी संजय कुमार गुप्ता, उनकी पत्नी अर्चना देवी सहित कुल 7 की मृत्यु हो गई, जबकि उनके दो नाबालिग पुत्र अनाथ हो गए। देवेंद्र नाथ महतो ने घटना को अत्यंत दु:खद बताते हुए विमान की तकनीकी स्थिति, मेंटेनेंस, सुरक्षा मानकों के पालन तथा मानवीय लापरवाही की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को पर्याप्त आर्थिक सहायता देने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।



## अनियंत्रित हाइवा पेड़ से टकराई, बिजली तार पर गिरा पेड़

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांगपुर के खलाखुदी के समीप शनिवार को एक कोलवाहन (हाइवा) अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेड़ 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन पर गिर पड़ा। हालांकि संयोगवश बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाइवा वाहन चट्टी बारियातू से कोयला लादकर कटकमसांडी डंप करने जा रहा था। इसी दौरान चालक को झपकी आ जाने से वाहन अनियंत्रित हो गया और पेड़ से टकराते हुए सड़क किनारे लगभग छह फीट गहरे गड्ढे में जा गिरा। दुर्घटना में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## नाबालिग के गांव पहुंचने से बानासाम में हलचल मची

**चतरा।** कुंदा थाना क्षेत्र के बानासाम गांव में उस समय हलचल मच गई जब एक नाबालिग गांव के उदेसर भारती के घर पहुंच गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों में चर्चा शुरू हो गई। सूत्रों के अनुसार नाबालिग का नाम गांव के एक युवक के साथ जोड़ा जा रहा था। हालांकि नाबालिग होने की जानकारी मिलते ही युवक के परिजनों ने स्पष्ट रूप से विवाह से इंकार कर दिया। परिजनों ने कहा कि कानून के अनुसार नाबालिग की शादी करना दंडनीय अपराध है और वे किसी भी परिस्थिति में नियम विरुद्ध कदम नहीं उठाएंगे।

## पत्थलगड़ा थाना में शांति समिति की बैठक सह होली मिलन, नशाबाजी व हुड़दंग पर रहेगी कड़ी नजर



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को पत्थलगड़ा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राकेश कुमार ने की, जबकि संचालन शक्ति कुमार दास ने किया। बैठक में जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं विभिन्न समुदायों के लोग उपस्थित रहे। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है। सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से युवा पीढ़ी को नशाबाजी से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि शराब पीकर हुड़दंग मचाने और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं तथा संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में बीपीओ विनोद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह, आशीष दांगी, प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, सिंघानी मुखिया राधिका देवी, कुमारी संगीता सिंहा, पूर्व मुखिया मेघन दांगी, पंचायत सेवक राकेश प्रसाद, विकास यादव, एसआई विजय यादव, चौकीदार कमलेश कुमार, संतोष यादव, अमु गंझू सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## गिद्धौर थाना में शांति समिति की बैठक, होली सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील

**गिद्धौर (चतरा)।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को गिद्धौर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख अनिता यादव ने की। बैठक में विधायक प्रतिनिधि कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, उपप्रमुख प्रीतम यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद यादव, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बालेश्वर यादव, जेएमएम के वरिष्ठ नेता प्रमेश्वर दांगी, मुखिया निर्मला देवी, जगदीश यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड में होली शांतिपूर्वक मनाने को लेकर अपने विचार रखे। अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। उन्होंने अपील की कि त्योहार के दौरान अश्लील गीतों से परहेज किया जाए और सामाजिक सौहार्द बनाए रखा जाए। थाना प्रभारी शिवा यादव ने बताया कि होली को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में दांगी कुशवाहा समाज के जिला कोषाध्यक्ष देवनारायण दांगी, महादेव दांगी, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव, सांसद प्रतिनिधि बबलू कुमार साव, अर्जुन दांगी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रील्स के दौर में पढ़ाई के महत्व पर संगोष्ठी द विजन पब्लिक स्कूल में जुटे शिक्षाविद

नवीन मेल संवाददाता

**इटखोरी (चतरा)।** द विजन पब्लिक स्कूल, इटखोरी में शनिवार को "रील्स के दौर में पढ़ाई का महत्व" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक निरज कुमार सिन्हा ने की, जबकि मंच संचालन शिक्षक दीपक सिंह ने किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में संस्थापक निरज कुमार सिन्हा ने कहा कि यह संगोष्ठी डिजिटल दुनिया और पारंपरिक पठन-पाठन के बीच संतुलन स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया और रील्स के बढ़ते प्रभाव के बीच विद्यार्थियों को पढ़ाई के महत्व को समझना और समय का सही उपयोग करना आवश्यक है।



कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, बीईईओ कैलाश पति पातर, प्राचार्य डॉ. दुलार हजाम, मानवाधिकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष ऋषिबाला सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजय भारती, बीपीओ दीपक मेहरा, योगगुरु शंकर चंद्रवंशी, पूर्व शाखा प्रबंधक अशोक सिन्हा, शिक्षाविद दशरथ दांगी, नवल किशोर नवल, प्रो. विनय सिंह, मुखिया रीता देवी, सोनी कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि तकनीक का सही उपयोग कर विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को और बेहतर बना सकते हैं, लेकिन इसके दुरुपयोग से बचना भी उतना ही जरूरी है। कार्यक्रम को उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहा और इसे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।

## युवा पायलट विवेक विकाश भगत को भावभीनी श्रद्धांजलि

**चतरा।** चतरा के कार्यपालक अभियंता देवसहाय भगत के पुत्र एवं युवा पायलट विवेक विकाश भगत की विमान दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु से पूरा क्षेत्र शोक में डूबा हुआ है। उज्ज्वल भविष्य और ऊंचे सपनों के साथ आसमान छूने निकले विवेक अब केवल स्मृतियों में रह गए हैं। बालूमाथ स्थित पाण्डुका में उनके आवास पर आदिवासी रीति-रिवाज के तहत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड के अलावा उड़ीसा और छत्तीसगढ़ से भी बड़ी संख्या में समाज के लोग, रिश्तेदार और शुभचिंतक पहुंचे। श्रद्धांजलि सभा में सांसद काली चरण सिंह, विधायक जनार्दन पासवान तथा विधायक प्रकाश राम सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रिसेप्शन समारोह में सियासी हस्तियों का जमावड़ा, केंद्रीय मंत्रियों ने दिया आशीर्वाद

**चतरा।** चतरा के लोजपा विधायक जनार्दन पासवान के पुत्र कुमार विवेक रंजन के रिसेप्शन समारोह में सियासी और सामाजिक रंग एक साथ देखने को मिले। भव्य आयोजन में कई बड़े नेताओं की उपस्थिति रही, जिससे समारोह खासा चर्चा में रहा। समारोह में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुईं। दोनों नेताओं ने नवदंपती को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय एवं समृद्ध दांपत्य जीवन की कामना की। इससे पूर्व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, चतरा सांसद कालीचरण सिंह तथा सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास सहित बिहार और झारखंड के कई विधायक समारोह में शामिल हुए। एक ही मंच पर विभिन्न दलों के नेताओं की मौजूदगी ने इस आयोजन को सर्वदलीय स्वरूप प्रदान किया। बड़ी संख्या में समर्थक एवं शुभचिंतक भी समारोह में पहुंचे। चतरा में आयोजित यह समारोह न केवल पारिवारिक उत्सव रहा, बल्कि राजनीतिक एकजुटता और सामाजिक सौहार्द की भी मिसाल बन गया।



## 'महाकाल वस्त्रालय' का उद्घाटन, ग्रामीणों को मिलेगी स्थानीय खरीदारी की सुविधा

**मयूरहंड (चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के ढोढी मंधनिया नीम चौक में रविवार को 'महाकाल वस्त्रालय' का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। पूर्व यशवंत पांडेय द्वारा पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद वस्त्रालय के संचालक पप्पू दांगी के माता-पिता ने फीता काटकर दुकान का उद्घाटन किया। गांव में वस्त्रालय खुलने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। अब ग्रामीणों को साड़ी एवं अन्य जरूरी परिधानों की खरीदारी के लिए शहर या दूर-दराज के बाजारों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर उपस्थित मुखिया रामनाथ यादव ने कहा कि गांव में इस प्रकार की दुकान खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी और समय व धन दोनों की बचत होगी। संचालक पप्पू दांगी ने बताया कि ग्राहकों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण वस्त्र उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम में जीप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, पंसस प्रतिनिधि सुरजीत कुमार, मंझगांवा उप मुखिया उपेंद्र दांगी, सर्जन दांगी, रामपरुष दांगी, नरसिंह दांगी, योगेंद्र सिंह, बिरेन्द्र दांगी, सकलदेव दांगी, कारू सिंह, परमानंद दांगी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वर्णकार संघ के बैनर तले मार्को डाक बंगला में होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

**लातेहार।** लातेहार जिला स्वर्णकार संघ के बैनर तले शहर के मार्को डाक बंगला में रविवार को संघ का चुनाव सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया।अध्यक्षता नारायण प्रसाद सोनी ने किया। इस होली मिलन समारोह में संघ के जिले भर के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बढ़चढकर भाग लिया।वही इस समारोह में संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी मौजूद थे।उन्होंने कहा कि समारोह का मुख्य उद्देश्य स्वर्णकार समाज को एक जुट और संगठित करना है।इसके लिए सभी को एक मंच पर आने की जरूरत है।वही उन्होंने होली को लेकर समाज और जिलेवासियों समेत प्रदेश वासियों को आपसी गिला शिकवा भूलकर सौहार्द के साथ होली शान्ति पूर्ण मानने का संदेश दिया गया। मौके पर संघ के कई लोगो ने संबोधित कर समाज के मजबूती पर बल दिया।

# गठबंधन के आपसी बिखराव से हारी बिलासी

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** नगर पंचायत चुनाव लातेहार में संपन्न हो चुका है। भाजपा समर्थित प्रत्याशी महेश सिंह की जीत हो चुकी है। पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी बिलासी तोपनो के हार का क्या वजह रहा और किस कारण झामुमो प्रत्याशी मतगणना के शुरूआत से पीछे होते चली गई और अंतत हार का सामना करना पड़ा। जानिए इसके पांच मुख्य कारण

### पहला : गठबंधन में फूट

झामुमो समर्थित प्रत्याशी के हार का सबसे बड़ा कारण गठबंधन में बिखराव रहा। जहां झामुमो, कांग्रेस, आप आदि ने बिलासी को अपना समर्थित प्रत्याशी बनाया वहीं राजद ने अपना समर्थित प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया, जिससे चलते वोट का विखराव हुआ और झामुमो को हार का सामना करना पड़ा।

### दूसरा: अल्पसंख्यक वोट का बिखराव

झामुमो के हार का दूसरा कारण अल्संख्यक वोट में विखराव रहा। इसका खास कारण झामुमो और राजद प्रत्याशियों के बीच अल्पसंख्यक वोट का का बंट जाना है। जहां डुरूआ में झामुमो को अच्छा वोट मिलने का अनुमान नेताओं के द्वारा लगाया जा रहा था, उन्हें उम्मीद भी कि इस इलाके से उसके समर्थित प्रत्याशी को लीड मिलेगा। पर यहां पर राजद समर्थित प्रत्याशी मिल्यानी कुजूर उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया, जिसका खामियाजा झामुमो समर्थित प्रत्याशी बिलासी तोपनो को हुआ। शहर में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि झामुमो समर्थित प्रत्याशी जितनी वोटों से हारी है उतना ही या उससे थोड़ा अधिक वोट मिलयानी (1139 वोट) को मिला।

### तीसरा: झामुमो नेताओं से राजद की नाराजगी

राजद नेताओं ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि लातेहार झामुमो जिला कमिटी के अधिकारी बिना गठबंधन धर्म का पालन किए अपने मन से प्रत्याशी की घोषणा कर दी और हमें जानकारी तक नहीं दिया गया। इसके पूर्व भी झामुमो नेताओं के द्वारा राजद कार्यकर्ताओं का नजरअंदाज कर कार्य करने की शैली अपनाया गया था, जिसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है कि लातेहार नगर पंचायत चुनाव में झामुमो समर्थित प्रत्याशी बिलासी तोपनो की करारी हार हुई है।

### चौथा: झामुमो से नाराज चल रहा था ओबीसी समुदाय

ओबीसी समुदाय के लोगों को विश्वास था कि इस बार ट्रिपल टेस्ट के बाद लातेहार नगर पंचायत ओबीसी के लिए आरक्षित होगा पर राज्य सरकार के द्वारा इसे अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित कर दिया गया, जिससे ओबीसी समुदाय के लोग झामुमो से नाराज थे।

### पांचवा कारण: वोटर से ज्यादा समर्थक

लातेहार नगर पंचायत चुनाव में यह साफ देखने को मिला कि झामुमो समर्थित उम्मीदवार के कार्यक्रमों में शहरी क्षेत्र से ज्यादा बाहरी लोग नजर आ रहे थे। जिसके कारण वोटरों के बीच एक गलत मैसेज जा रहा था।

# न्यूज बॉक्स

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में होली महोत्सव का आयोजन

**बारियातू।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा के ठीक सामने स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा में 1 मार्च को होली महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। होली मिलन समारोह के अवसर पर बीके गुड़िया बहन ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह परमात्मा के दिव्य रंग में रंगने का पर्व है। उन्होंने कहा कि अब तक हम सांसारिक रंगों से अपने जीवन को सजाते आए हैं, लेकिन सच्ची होली तब है जब हम अपने जीवन को परमात्मा के आध्यात्मिक रंग में रंगें। उन्होंने आगे कहा कि जीवन को खुशियों और उमंग से भरने के लिए आवश्यक है कि हम अपने अंदर की बुराइयों,ईर्ष्या, द्वेष, घृणा एवं अन्य अवगुणों को होलिका की अग्नि में भस्म करें। जब तक हम अपने अंदर की नकारात्मक प्रवृत्तियों को समाप्त नहीं करेंगे, तब तक सच्चे अर्थों में होली नहीं मना पाएंगे। बीके गुड़िया बहन ने कहा कि आत्म-दृष्टि अपनाते हुए, सभी आत्माओं के प्रति शुभभाव रखते हुए तथा एक परमपिता परमात्मा निराकार शिव बाबा की याद में रहकर जीवन के प्रत्येक कार्य को सफल बनाना ही सच्ची होली है। यही जीवन को सार्थक और सफल बनाने का मार्ग है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। मौके पर मितयानन्द प्रजापति, संजय सिन्हा, रमेश, आनंद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## लातेहार में 22 को होगा विराट हिंदू सम्मेलन

**लातेहार।** आगामी 22 मार्च को लातेहार में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारी एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिए एक बैठक शहर के सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। बैठक में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन को भव्य व निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने के लिए एक समिति' का गठन किया गया.समिति का अध्यक्ष राजधानी प्रसाद यादव और उपाध्यक्ष राजीव रंजन पांडेय व वंशी यादव को बनाया गया। जबकि महासचिव सुरेश ठाकुर, सचिव संजय तिवारी, अमलेश कुमार सिंह एवं ध्रुव पांडेय तथा कोषाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता को बनाया गया।

## विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व वनवासी कल्याण केंद्र ने मनाया होली मिलन समारोह

**कुंदा (चतरा)।** रविवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं वनवासी कल्याण केंद्र ने संयुक्त रूप से अंबेडकर चौक पर स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल व मिठाई खा कर होली की शुभकामनाएं दीं। मौके पर अंबिका सिंह भोक्ता, लवकुश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, अजीत मिश्रा, जीतेन्द्र कुमार, लालमोहन महतो, समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## मयूरहंड थाना परिसर में होली सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील

**मयूरहंड (चतरा)।** होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को मयूरहंड थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सह होली मिलन का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी आशीष प्रसाद ने की। इस अवसर पर सर्किल इंस्पेक्टर उमेश राम भी मौजूद थे। बैठक में जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं विभिन्न समुदायों के लोगों ने शिरकत की। इंस्पेक्टर उमेश राम ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है। सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने की बात कही गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान हुड़दंग, शराब पीकर उत्पात मचाने तथा कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम और पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में पूरा थाना परिवार, प्रभारी अंचल निरीक्षक शिवकुमार मंडल, पूर्व मुखिया अनिल सिंह, मंझगांवा उप मुखिया उपेंद्र दांगी, ईश्वरी मेहता, मो. मुस्लिम मियां, रबिश सिंह, मुबारक अंसारी, मुख्तार अंसारी, प्रिंस सिंह, रबिन्द्र सिंह, जमील अख्तर, सुधीर यादव, करमा पंचायत मुखिया रामनाथ यादव, जिला परिषद सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

## शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं होली का त्योहार : थाना प्रभारी

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा थाना में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व शांति व सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।थाना प्रभारी ने लोगो से पर्व के दौरान सहयोग करने की अपील की और कहा कि अशांति फैलाने वाले सामाजिक तत्वो को किसी भी परिस्थिति में बक्सा नहीं जाएगा। यदि अप्रिय घटना की सूचना क्षेत्र से मिले तो इसकी सूचना कुंदा पुलिस को तुरंत दें।वही बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे एवं शांति व सौहार्द बनाए रखने मे सहयोग करने की बात कही। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बैठक मे प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहू, बौधाडीह मुखिया प्रतिनिधि विनोद साव, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता,राजद जिला उपाध्यक्ष दिलीप यादव,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत भोक्ता, पूर्व जिप सदस्य पृथ्वी गंझु,समाजसेवी अंबिका सिंह भोक्ता मिथिलेश यादव,लवकुश गुप्ता, विजय यादव, लक्ष्मण भोक्ता,एस आई श्रीकांत पांडे, एएसआई मुगेश्वर चौधरी, चौकीदार मुकेश कुमार, अंकित कुमार, मिथलेश यादव, राजेश कुमार समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## नगड़ा में रामनवमी पूजा व यज्ञ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति गठित

**बालूमाथ।** नगड़ा महावीर मंदिर परिसर में रामनवमी पूजा एवं यज्ञ आयोजन को लेकर तिका साहू के नेतृत्व में बैठक किया गया। बैठक में आगामी रामनवमी पूजा एवं यज्ञ कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसके सफल आयोजन को लेकर सर्वसम्मति से अध्यक्ष तीला साहू रामपति साव,सचिव अमेरिका साहू, कोषाध्यक्ष धनराज पासवान उप सचिव कपिल साहू,मीडिया प्रभारी राजेश कुमार साव सहित सदस्यों का चयन किया गया। मौके पर आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा कर विभिन्न कार्यक्रम तय किए गए।इस दौरान समिति द्वारा पूजा की तिथि, तैयारी, साफ-सफाई, सजावट, झांकी एवं शोभायात्रा की व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारियां भी बांटी गईं। साथ ही चंदा संग्रह एवं व्यवस्था समिति का भी गठन किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बढ़ चढ़ कर सहयोग करें। मौके पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## प्रजापति समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन सह होली मिलन समारोह संपन्न

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर में प्रजापति समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के राज्य कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर प्रजापति, जिला अध्यक्ष गौतम प्रजापति तथा समाज के संरक्षक सह जेएमएम के पूर्व जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आशेश्वर प्रजापति एवं आदित्य प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए संरक्षक पंकज प्रजापति ने कहा कि प्रजापति समाज के सशक्तिकरण के उद्देश्य से इस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि समाज के लोग बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं और पारंपरिक व्यवसाय से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कौशल विकास से जोड़कर समाज को आत्मनिर्भर बनाने, घड़ा समेत अन्य पारंपरिक उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देने तथा जंगल से मिट्टी निकालने के लिए पट्टा की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही समाज में जागरूकता बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई। सम्मेलन के बाद एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के भूतपूर्व संरक्षक इन्द्रू राम, प्रवक्ता मनोज प्रजापति, प्रखंड सचिव अजय कुमार प्रजापति, विनोद प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, गीता देवी, सहित जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल उरांव ने खखपरता शिव मंदिर में टेका माथा



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल उरांव ने अपनी 'आभार यात्रा' संपन्न करने के पश्चात रविवार को आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ अपने नए कार्यकाल का शुभारंभ किया। सुबह की पहली बेला में उन्होंने जिला मुख्यालय के समीप स्थित ऐतिहासिक और प्राचीन शिव मंदिर, खखपरता पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। अपने परिवार और इष्ट मित्रों के साथ मंदिर पहुंचे अनिल उरांव ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। उन्होंने महादेव से अपने नए उत्तरदायित्वों के सफलतापूर्वक निर्वहन की शक्ति मांगी।

इस अवसर पर उन्होंने प्रार्थना की कि लोहरदगा जिले में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो तथा नगर का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित हो सके। पूजा के पश्चात मीडिया से बात करते हुए अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा की "लोहरदगा की सम्मानित जनता ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, वह मेरे लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है।

### कैरो में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# इलेक्ट्रॉनिक दुकान की आड़ में बिक रहा था गांजा, कारोबारी गिरफ्तार

- गांजा दुकान में टेबल के नीचे छिपाकर रखा गया था मादक पदार्थ
- दुकान संचालक को मौके से गिरफ्तार किया

नवीन मेल संवाददाता




**कैरो (लोहरदगा)।** जिले के कैरो थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने शनिवार को कैरो-उतका मुख्य मार्ग पर स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में छापेमारी कर 2 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस मामले में दुकान संचालक को गिरफ्तार कर रविवार को लोहरदगा मंडल कारा भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, वरीय पुलिस पदाधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि कैरो-उतका स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान की आड़ में नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। शनिवार, 28 फरवरी को गठित टीम ने चिन्हित दुकान पर अचानक दबिश दी। छापेमारी दल में बतौर दंडाधिकारी कैरो अंचल अधिकारी कुमारी शीला उरांव, थाना प्रभारी कुंदन कुमार रवानी और कैरो थाना का पुलिस बल शामिल था। सघन तलाशी के दौरान दुकान में टेबल के नीचे छिपाकर रखा गया 2 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ को जब्त करते हुए आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी कुंदन कुमार रवानी ने बताया कि इस संबंध में कैरो थाना कांड संख्या 12/26 दर्ज किया गया है। आरोपी पर बीएनएस की सुसंगत धाराओं और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर रविवार, 1 मार्च को जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने में जुटी है।

### मरानी शिव मंदिर में कलश यात्रा के साथ 24 घंटे का अखंड हरि-कीर्तन आरंभ

**बानो।** प्रखंड के मरानी स्थित मरानी शिव मंदिर में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ 24 घंटे के अखंड हरि-कीर्तन का शुभारंभ किया गया। प्रातः 7 बजे मंदिर परिसर से श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे और जयघोष के साथ कलश यात्रा निकाली।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। "हर-हर महादेव" के उद्घोष और भजन-कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कलश यात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कर अखंड हरि-कीर्तन प्रारंभ किया गया।

# नियमों का उल्लंघन करते मिले मीट-मुर्गा की 6 दुकानों पर लगाया जुर्माना

- खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने की कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** होली एवं रमजान को देखते हुए उपायुक्त, लोहरदगा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डा० मोईन अख्तर के नेतृत्व में लोहरदगा जिला अंतर्गत संचालित मीट, मुर्गा, एवं मछली दुकानो का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत दुकानों का पंजीकरण/अनुज्ञप्ति की स्थिति, साफ-सफाई की व्यवस्था, संचालन प्रक्रिया तथा अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। मास मटन दुकान संचालकों को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे नगर परिषद् से अनापत्ति प्रमाण लेते हुए एफएसएसएआई पंजीकरण हेतु आवेदन करें। बिना वैध निबंधन के दुकान संचालन करना एक दण्डनीय अपराध है और इसमें 2 वर्ष तक का कारावास का प्रावधान है।

मैना बगीचा, पावरगंज चौक, बगडू मोड, न्यु रोड इत्यादि स्थित मीट/मुर्गा दुकानों की जांच की गयी। जांच के क्रम में पावरगंज चौक स्थित मे० जनता मटन एवं मे. लोहरदगा मटन, बगडू मोड़ स्थित मे. तौशिफ चिकेन एवं मे. छोटु चिकेन, तथा न्यु रोड़ स्थित मे. गुलशन मटन तथा झारखण्ड मटन शॉप में खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 तथा विनियम 2011 के प्रावधानों का उल्लघंन करते हुए पाये गये। उक्त सभी प्रतिष्ठान संचालको से खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 59 के तहत् 3500/- (तीन हजार पांच सौ रुपए का चालान काटा गया। माननीय उच्च न्यायालय रांची झारखण्ड द्वारा पारित आदेश के अनुपालन हेतु सभी मीट मुर्गा प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और विनियम 2011 का पूर्णतः अनुपालन हेतु 15 बिन्दुओं का एक लिखित नोटिस दिया गया। इसके साथ ही मांस एवं चिकेन का सुरक्षित भण्डारण, स्वच्छ पेय जल का उपयोग, कर्मियों की व्यक्तिगत स्वच्छता, अपशिष्ठ प्रबंधन तथा उपभोगताओं को सुरक्षित एव गुणवत्ता पूर्ण खाद्य सामाग्री उपलब्ध करने संबंधित आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा से खुले में सड़क के किनारे बेच रहे मीट, मुर्गा, मछली दुकानों को एक वेंडर जोन बनाकर उसमें स्थानांनतरित करने हेतु अनुरोध किया गया है ताकि लोहरदगावासियों को साफ एवं स्वच्छ मीट उपलब्ध कराया जा सके।

### लचरागढ़ स्थित जनजातीय कौशल केंद्र में निशुल्क नामांकन जारी

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ स्थित जनजातीय कौशल केंद्र में विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के लिए निशुल्क नामांकन प्रारंभ कर दिया गया है।केंद्र में कंप्यूटर के विभिन्न कोर्स, सिलाई प्रशिक्षण तथा फूड प्रोसेसिंग कोर्स संचालित किए जा रहे हैं।कौशल केंद्र के क्रांति मिश्रा और कोऑर्डिनेटर ने जानकारी देते हुए बताया कि कंप्यूटर कोर्स के लिए 15 वर्ष से 45 वर्ष तक के बालक-बालिकाएं,पुरुष एवं महिलाएं नामांकन करा सकते हैं।इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना है।इच्छुक अभ्यर्थियों को नामांकन के लिए आधार कार्ड एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ लचरागढ़ स्थित कौशल केंद्र में संपर्क करना होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8002165847 पर संपर्क किया जा सकता है।

## निंगनी कुंबाटोली स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में भव्य मंगल आरती का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** धार्मिक एवं सामाजिक संगठन जय श्रीराम समिति, लोहरदगा के तत्वावधान में मंगलवार की रात लगभग 8 बजे निंगनी कुंबाटोली स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में भव्य मंगल आरती का आयोजन किया गया। धार्मिक वातावरण में संपन्न इस मंगल आरती में सैकड़ों की संख्या में हिंदू सनातनी महिला, पुरुष एवं बच्चों ने भाग लिया। मंदिर परिसर जय श्रीराम के उद्घोष और भक्ति गीतों से गुंजायमान हो उठा तथा श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। मंगल आरती की शुरुआत भाजपा समर्थित नगर परिषद अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अनिल उरांव द्वारा की गई। उन्होंने आरती में सम्मिलित होकर भगवान हनुमान की विधिवत पूजा-अर्चना की और उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ मंगल आरती में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ धार्मिक संस्कृति की सजीव झलक प्रस्तुत करती है। बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे जिस उत्साह और आस्था के साथ शामिल हुए, उससे यह स्पष्ट होता है कि सनातन और सरना समाज की एकता अटूट है और इसे कोई भी शक्ति कमजोर नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की मंगल आरती समाज में आध्यात्मिक चेतना, आपसी भाईचारा और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करती है। मंगल आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

इस अवसर पर अनिल उरांव के साथ जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, रेणु देवी, संजय कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सेन्हा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

## हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा (लोहरदगा)।** रंगों के महापर्व होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु सेन्हा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य सदस्यों ने शिरकत की।

बैठक को संबोधित करते हुए जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि होली आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने अपील की कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंगबाजी न करें और न ही किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचाएँ। उन्होंने कहा, "रंगहीन जीवन को खुशियों से भरने के लिए होली का त्योहार मनाया जाता है, अतः इसे मिलजुल कर मनाएं ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए।"सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ा रुख अपनाते हुए थाना प्रभारी नीरज झा ने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा। उन्होंने मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर निर्देश दिए।

## तेली समाज ने अबीर-गुलाल उड़ाकर दी होली की बधाई

- आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने का आह्वान

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज, लोहरदगा के तत्वावधान में स्थानीय तेली धर्मशाला परिसर में 'होली मिलन समारोह' का आयोजन बेहद धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रो. शिव दयाल साहू ने की। समारोह का आगाज़ समाज के प्रबुद्ध जनों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर और अबीर-गुलाल उड़ाकर किया, जिससे पूरा परिसर रंगीन हो उठा। समारोह को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रो. शिव दयाल साहू ने होली के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह पर्व सभी आपसी गिले-शिकवे और मतभेदों को भुलाकर समाज में एकता, शांति और भाईचारे की जड़ें मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने समाज के लोगों से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। इस मौके पर समाज के राष्ट्रीय एवं जिला स्तर के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रिपुसुदन साहू, महासचिव सोहन साहू, लखपति साहू, सत्य नारायण साहू, अजय मधुर, मुन्ना साहू, रामबिलास साहू और बजरंग साहू शामिल थे। साथ ही विदेशी साहू, मुकेश साहू, भागवत साहू, दिलीप साहू, कैलाश साहू, रूपेश साहू, अंकित साहू, हीरा साहू, तेनु साहू, मुनका साहू, दिनेश साहू, तेजी साहू, दर्शन साहू, बलराम साहू, सुगन साहू आदि ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

## कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट का भव्य होली मिलन समारोह आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को पावरगंज स्थित कुम्हार मोहल्ला के आनंद सरस्वती बाल निकेतन में भव्य 'होली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। संध्या 3:00 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने भारी संख्या में शिरकत की और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। समारोह के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। उपस्थित लोगों ने नागपुरिया और भोजपुरिया होली गीतों पर जमकर नृत्य किया और उत्सव का आनंद लिया। समाज के संरक्षकों और सदस्यों ने होली से संबंधित पारंपरिक गीत गाए और सुंदर काव्य पाठ कर समां बांध दिया। उन्होंने हाल ही में संपन्न नगर परिषद चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता के कारण ही अनिल उरांव की विजय सुनिश्चित हुई। उन्होंने इस एकता को भविष्य में भी बनाए रखने का आह्वान किया।

## सांसद प्रतिनिधि की आर्थिक मदद से 19 दिन के बाद तमिलनाडु से गांव पहुंचा मजदूर सुशीला का शव

नवीन मेल संवाददाता



**कुड़ू – लोहरदगा।** रोज़ी-रोटी की तलाश में तमिलनाडु गई 25 वर्षीय मजदूर युवती सुशीला कुमारी की 10 फरवरी को असामयिक मृत्यु हो गई थी। वह कुडू प्रखंड के सुकुमार गांव निवासी संतु महली की पुत्री थी। दुखद खबर मिलते ही परिवार पर मानो पहाड़ टूट पड़ा। आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिजनों के सामने सबसे बड़ी चुनौती था। हजारों किलोमीटर दूर से बेटी का पार्थिव शरीर गृह राज्य लाना। ऐसे कठिन समय में मानवीय संवेदना की मिसाल पेश करते हुए सांसद प्रतिनिधि लाल विकास नाथ शाहदेव मसीहा बनकर सामने आए। मामले की जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्परता दिखाते हुए श्रम विभाग से समन्वय स्थापित किया और व्यक्तिगत पहल करते हुए 50,000 रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई, ताकि पार्थिव शरीर को सुरक्षित तरीके से गांव लाया जा सके। उनकी सक्रियता और संवेदनशीलता के कारण ही कम समय में आवश्यक प्रक्रिया पूरी हो सकी और सुशीला कुमारी का शव सम्मानपूर्वक गांव पहुंचाया गया। गांव में अंतिम दर्शन के दौरान लोगों की आंखें नम थीं, लेकिन इस बात की संतुष्टि भी थी कि बेटी को अपने आंगन में अंतिम विदाई मिल सकी। परिजनों ने भावुक होकर कहा कि यदि समय पर सहायता नहीं मिलती तो अंतिम संस्कार कर पाना संभव नहीं हो पाता। उन्होंने सांसद प्रतिनिधि लाल विकास नाथ शाहदेव और प्रशासन के प्रति गहरा आभार जताया। स्थानीय लोगों ने भी इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का असली दायित्व ऐसे ही कठिन समय में सामने आता है। सांसद प्रतिनिधि की इस पहल को क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा मिल रही है और लोग इसे संवेदनशील नेतृत्व का उदाहरण बता रहे हैं।

### लोहरदगा में भाजपा समर्थित अनिल उरांव की 786 मतों से जीत ने बदली सियासी बिसात

## भाजपा ने बताया जनविश्वास की ऐतिहासिक विजय

- यह जीत वर्षों के संघर्ष, संगठन की मजबूती और जनता के अटूट विश्वास का ठोस परिणाम है

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** नगरपालिका आम निर्वाचन–2026 के परिणाम सामने आते ही लोहरदगा की राजनीति में नई हलचल तेज हो गई है। नगर अध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार अनिल उरांव ने 786 मतों के अंतर से शानदार जीत दर्ज कर न केवल विरोधियों को करारा जवाब दिया, बल्कि नगर की सियासी दिशा को भी नया मोड़ दे दिया है। इस जीत को भारतीय जनता पार्टी ने जनविश्वास, संगठन शक्ति और विकासवादी सोच की निर्णायक विजय बताया है। लोहरदगा नगर परिषद चुनाव में भाजपा के चुनाव संयोजक अजय पंकज एवं चुनाव सह संयोजक सह विहिप अध्यक्ष रितेश कुमार ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर नगर क्षेत्र के सभी मतदाताओं, समर्थकों और समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत वर्षों के संघर्ष, संगठन की मजबूती और जनता के अटूट विश्वास का ठोस परिणाम है। नेता द्वय ने कहा कि नगर की जनता ने विकास, पारदर्शिता और जनहित की राजनीति पर मुहर लगाई है। यह परिणाम स्पष्ट संकेत देता है कि लोहरदगा की जनता अब ठोस काम, जवाबदेही और साफ नीयत वाली राजनीति चाहती है। उन्होंने दावा किया कि यह विजय आने वाले दिनों में और बड़ी राजनीतिक भूमिका की ओर संकेत करती है तथा संगठन को और सशक्त बनाएगी। नेताओं ने चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन, जिला पुलिस तथा झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है और प्रशासन ने इस दिशा में सराहनीय भूमिका निभाई है। मीडिया कर्मियों के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया ने निष्पक्ष रिपोर्टिंग कर मतदाताओं को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।साथ ही उन्होंने नव निर्वाचित नगर अध्यक्ष अनिल उरांव सहित सभी 23 निर्वाचित वार्ड पार्षदों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा जताई कि नई नगर परिषद बोर्ड जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरी उतरेगी और नगर विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी।

### जय श्रीराम समिति की बैठक में अमरेश जिला अध्यक्ष व चंदन महामंत्री मनोनीत

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष और वार्ड पार्षद सम्मानित

- जय श्री राम समिति का होली मिलन समारोह

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** पावरगंज स्थित दुर्गाबाड़ी मंदिर प्रांगण में रविवार को जय श्रीराम समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सुषमा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन विस्तार, नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों के सम्मान और होली मिलन समारोह का त्रिवेणी संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान समिति की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष व नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अनिल उरांव समेत विभिन्न वार्डों के पार्षदों का भव्य स्वागत किया गया। इनमें वार्ड 19 से अभिषेक कुमार, वार्ड 20 से विक्रम उरांव, वार्ड 22 से विजय उरांव और वार्ड 6 से सुगो देवी शामिल थीं। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र और प्रभु श्री राम का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि "जय श्रीराम समिति द्वारा मिला यह सम्मान मेरी जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में मेरा लक्ष्य शहर का सर्वांगीण विकास और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। हम सभी मिलकर लोहरदगा को एक आदर्श नगर बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। संगठन की मजबूती ही समाज की सेवा का आधार है।" वार्ड 19 के पार्षद अभिषेक कुमार व वार्ड 20 के पार्षद अनिकेत उरांव उर्फ बिक्रम ने कहा कि "समिति ने जो मान-सम्मान दिया है, उसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। वार्ड क्षेत्र की जनता ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए मैं संकल्पित हूँ।राजनीति से ऊपर उठकर जनसेवा ही मेरी प्राथमिकता रहेगी और राम जी के आदर्शों पर चलते हुए हम क्षेत्र के विकास को नई गति देंगे। बैठक के मुख्य एजेंडे के तहत जिला अध्यक्ष और महामंत्री के रिक्त पदों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से अमरेश भारती को जिला अध्यक्ष और चंदन साहू को जिला महामंत्री मनोनीत किया गया। नाम की घोषणा होते ही पूरा परिसर 'जय श्रीराम' के नारों से गूंज उठा। उपस्थित सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल की बधाई दी। संगठनात्मक चर्चा के पश्चात होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन हुआ। महिला और पुरुष सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। इस दौरान समिति के सदस्य होली के पारंपरिक गीतों पर जमकर थिरके, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवपूर्ण हो गया। मौके पर मुख्य रूप से संचालन समिति सदस्य सुषमा सिंह, अजय सोनी, शैलेश महतो, परमेश्वर साहू, अनूप गुप्ता, कन्हैया करवा, बजरंग करवा, प्रमोद प्रजापति, विनोद राय, गुड्डू राय, पंकज महतो, रंजीत यादव, भीम महतो, डॉ. प्रकाश, जगन्नांदन पौराणिक, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, नगर महामंत्री सुशील पटनायक, आकाश वर्मा, और भारी संख्या में महिला-पुरुष कार्यकर्ता

## सदर थाना परिसर में शांति समिति बैठक सह होली मिलन समारोह आयोजित

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार शाम लोहरदगा सदर थाना परिसर में शांति समिति बैठक सह होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, शांति समिति के सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। बैठक की अध्यक्षता सदर अंचल अधिकारी रामनारायण खलखो तथा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने संयुक्त रूप से की। थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने कहा कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, जबरन रंग लगाने, हुड़दंग करने या नशे की हालत में उत्पात मचाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा लगातार गश्त की जाएगी, ताकि कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रित रहे। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर भी कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अफवाह फैलाने, भ्रामक पोस्ट साझा करने या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आम लोगों से अपील की गई कि वे जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सदर अंचल अधिकारी रामनारायण खलखो ने कहा कि होली प्रेम, आपसी विश्वास और सामाजिक समरसता का पर्व है। इसे मिल-जुलकर और एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए मनाना चाहिए।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क दुर्घटना में बाइक से गिरकर युवक की मौत



**भरनो (गुमला)।** भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत मारासिली–खटको मार्ग पर नदी के पास रविवार की देर शाम एक दर्दनाक हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान दीपक उरांव के रूप में हुई है,जो घाघरा थाना क्षेत्र के घोड़ा टांगर गांव का निवासी था।प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक उरांव अपने साथी फुलेश्वर उरांव के साथ बाइक से मारासिली गांव अपने एक मित्र के घर आया था। दोनों युवक देर शाम को भरनो में आयोजित फागुन मेला देखकर वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान मारासिली और खटको के बीच स्थित नदी के पास एक मोड़ (टर्निंग) पर अचानक बाइक असंतुलित हो गई और दीपक उरांव बाइक से गिर पड़ा। बताया जा रहा है कि घटना के समय अंधेरा हो चुका था,जिससे आसपास के ग्रामीणों को दुर्घटना की तत्काल जानकारी नहीं मिल सकी। काफी देर बाद जब लोगों को इसकी भनक लगी, तब दो युवकों की मदद से घायल दीपक को बाइक पर ही लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया गया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### गुमला में महिला उद्यमिता के साथ पोषण क्रांति की हुई शुरुआत



**गुमला।** महिला सशक्तिकरण, स्थायी आजीविका और जनस्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में गुमला जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। जिला प्रशासन के नेतृत्व में नेशनल एग कोऑर्डिनेशन कमेटी (एनईसीसी) ने प्रदान संस्था एवं झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के सहयोग से जिले में अपनी रणनीतिक 'एग कार्ट योजना' की शुरुआत की। आयोजित वितरण समारोह में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने 25 महिला उद्यमियों को विशेष रूप से तैयार की गई एग कार्ट (अंडा बिक्री गाड़ी) सौंपी। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र जेरिका तथा प्रदान संस्था के जिला समन्वयक मेराज एवं अजय भी उपस्थित रहे। यह पहल पूरे झारखंड में 600 एग कार्ट स्थापित करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का हिस्सा है, जिससे महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ राज्य में पोषण स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है।

### मरियानुस तिग्गा ने किया चेक डैम निर्माण का औचक निरीक्षण



**डुमरी (गुमला)।** जिला परिषद सदस्य मरियानुस तिग्गा ने रविवार को डुमरी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का सघन दौरा कर विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने करनी गांव में 'ड्रीम कंस्ट्रक्शन' द्वारा निर्माणाधीन चेक डैम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, निर्माण सामग्री और प्रगति की बारीकी से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री तिग्गा ने मौके पर उपस्थित कनीय अभियंता (जेई) राजू और कार्यरत मजदूरों से सीधे बातचीत की। उन्होंने श्रमिकों से उनके पारिश्रमिक एवं कार्य परिस्थितियों की जानकारी ली। संवेदक को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मजदूरों का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ-साथ श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया, लेकिन साथ ही गुणवत्ता मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता न करने की चेतावनी भी दी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मरियानुस तिग्गा ने कहा कि चेक डैम के निर्माण से क्षेत्र में जल संचयन की समस्या का समाधान होगा। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा और खेती की उत्पादकता में वृद्धि होगी।

### आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं होली, हुड़दंगियों पर रखें नजर




**डुमरी ( गुमला)।** डुमरी थाना परिसर में रविवार को होली एवं होलिका दहन के पावन अवसर पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु 'शांति समिति' की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार स्वांसी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पुलिस प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में क्षेत्रवासियों से त्योहार को पारंपरिक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

### स्कूल चौक के पास सड़क हादसे में एक की हुई मौत, तीन बच्चे हुए अनाथ

**भरनो (गुमला)।** भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-23 रांची–गुमला मुख्य मार्ग पर स्थित स्कूल चौक के समीप रविवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय सोमनाथ रजक की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, एनएस पल्सर बाइक पर सवार दो युवक सिसई की ओर से भरनो की तरफ आ रहे थे। बताया जा रहा है कि बाइक तेज रफ्तार में थी। इसी दौरान स्कूल चौक के पास सर्विस रोड पर पैदल सड़क पार कर रहे हाई स्कूल रोड निवासी सोमनाथ रजक को बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सोमनाथ गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।

# एक दिवसीय वार्षिक फागुन मेला का भव्य उद्घाटन, उमड़ी भारी भीड़

- उद्घाटन के बाद अतिथियों ने मेले के स्टॉल और झूलों का निरीक्षण किया
- मेले में खेल-तमाशा, ड्रैगन, नाव झूला और ब्रेक डांस जैसे आकर्षक झूले लगाए गए

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में लगने वाली पारंपरिक एक दिवसीय वार्षिक फागुन मेला का रविवार को हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण माहौल में विधिवत उद्घाटन किया गया। प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव, थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, मुखिया मंजू देवी, एमओ अंशुल टोप्पो, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मुख्तार आलम, श्रीकांत केशरी, मुकेश सिंह, सुदामा केशरी, शिव केशरी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। उद्घाटन के पश्चात अतिथियों ने मेले का अवलोकन कर विभिन्न स्टॉलों एवं झूलों का निरीक्षण किया।

भरनो ब्लॉक परिसर में आयोजित इस वार्षिक फागुन मेले में इस वर्ष मनोरंजन के कई आकर्षक साधन लगाए गए हैं। खेल-तमाशा, झूला, ड्रैगन, नाव झूला और ब्रेक डांस जैसे रोमांचक झूलों ने बच्चों एवं युवाओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। मेले में दिनभर लोगों की भारी भीड़ उमड़ती रही और पूरा परिसर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। मेले में खिलौने, मिठाई, लोहे के विभिन्न औजार, साग-सब्जियां, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और अन्य जरूरी सामानों की अनेक दुकानें सजी हुई हैं। खासकर घरेलू उपयोग के सामानों की दुकानें लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। होली पर्व से पूर्व आवश्यक सामग्रियों की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण यहां पहुंचे।

फागुन मेला होली की परंपरा से गहराई से जुड़ा हुआ है। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा के तहत लोग मेले में खरीदारी कर अपने घरों में होली पर्व की तैयारियां पूरी करते हैं। यही कारण है कि भरनो समेत आसपास के कई गांवों के लोग परिवार सहित मेले में पहुंचकर खरीदारी के साथ-साथ मेले का आनंद लेते हैं।

### विकास चिल्ड्रेन एकेडमी के वार्षिकोत्सव में बिखरे संस्कृति के रंग

**बिशुनपुर (गुमला)।** विकास भारती बिशुनपुर संचालित विकास चिल्ड्रेन एकेडमी में वार्षिक उत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह ने न केवल बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों का जश्न मनाया, बल्कि उन्हें अपनी कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक बड़ा मंच भी प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पद्मश्री से अलंकृत एवं विकास भारती के सचिव माननीय अशोक भगत जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि को भगवान श्री गणेश की प्रतिमा भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। अपने संबोधन में पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि "शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना ही सच्ची शिक्षा है।" उन्होंने बच्चों को अपनी मिट्टी और संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा दी।आपके भीतर झारखंड की जो समृद्ध संस्कृति और विरासत है, वह आपकी असली पहचान है। दुनिया के किसी भी कोने में चले जाएं, अपनी जड़ों को कभी मत भूलिएगा। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। बाबा जी नें कहा की शिक्षा का असली उद्देश्य संस्कारवान बनना है। उन्होंने बच्चों से अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़े रहने का आह्वान किया और मेहनत व अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया।

### सिसई थाना परिसर में होली मिलन समारोह, सौहार्दपूर्ण पर्व मनाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** थाना परिसर में होली पूर्व संध्या पर होली मिलन समारोह सह शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी अशोक बड़ाइक द्वारा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड क्षेत्र में होली के त्योहार को सौहार्द व प्रेम के साथ मनाने एवं किसी प्रकार के हुल्लड़ बाजी नहीं करने को लेकर रखा गया था। बीडीओ रमेश कुमार यादव ने उपस्थित सभी समुदाय के लोगों को होली पर्व ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्द व प्रेम के साथ मनाने को कहा वहीं लोगों से खासकर युवावर्ग से नशापन से दूर रहकर त्योहार मनाने की अपील की और साथ ही किसी भी प्रकार के अफवाहों से बचने को कहा उन्होंने ये भी कहा कि सोशल मीडिया के दौर में गलत तरीके के मैसेज के उपर ध्यान न दें और ना ही कोई गलत तरीके के मैसेज को पोस्ट करें।

पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने सभी लोगों से सौहार्द व प्रेम के साथ इस त्योहार को मनाने को कहा। और उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात करते हुए कहा कि यदि कोई झूठी अफवाह फैलाता है तो उसकी सूचना तुरंत थाना को दें, नशापन से दूर रहें और अपने परिवार के संग रंगों के त्योहार होली को खूब अच्छे से मनाए। उन्होंने थाना परिवार की ओर से सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दिये।

### हर्षोल्लास के साथ मना होली मिलन समारोह

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित मनोरमा सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में रविवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का माहौल पूरी तरह से रंगीन और उत्साहपूर्ण नजर आया।समारोह की शुरुआत बच्चों और आचार्यों द्वारा एक-दूसरे को तिलक लगाकर की गई। नन्हे-मुन्ने बच्चों भैया-बहनों ने पारंपरिक गीतों के बीच एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और बड़े ही हर्षोल्लास के साथ होली की अग्रिम बधाई दी। शिक्षकों ने बच्चों को होली के पर्व का महत्व बताते हुए इसे आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य और कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सिसई में हलका कर्मचारी पर रिश्वत मांगने का आरोप, अंचल कार्यालय का घेराव

**सिसई (गुमला)।** अंचल कार्यालय सिसई के हल्का कर्मचारी (4) प्रकाश उरांव के उपर आम जनता ने जमीन से जुड़े कार्य करने के लिए बड़ी राशि की मांग करने का गंभीर आरोप लगाते हुए अंचल कार्यालय का घेराव किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिसई के आम जनता ने त्रस्त होकर हल्का कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग करते हुए अंचल अधिकारी को लिखित रूप से आवेदन दिया है। जिसके माध्यम से बताया गया है कि हल्का कर्मचारी द्वारा जमीन से संबंधित सभी कार्यों के लिए 20,000 से लेकर लाखों रुपए राशि तक का मांग किया जाता है, चाहे वह दाखिल खारिज हो, जमीन परमिशन, ऑनलाइन खाता प्लॉट सुधार या फिर भू धारण



व जमीन की मापी ही क्यों न हो सभी कार्यों के लिए बड़ी राशि की मांग की जाती है जिससे आम जनता परेशान है इसलिए उन्हें अन्यत्र हल्का पंचायत में भेज दिया जाय। आम जनता ने ये भी बताया कि सिसई अंचल में जमीन ऑनलाइन के लिए फॉर्म के साथ शपथ पत्र का मांग किया जाता है जबकि गुमला, भरनो, बसिया, कामडारा सहित अन्य किसी भी प्रखंडों में शपथ पत्र का मांग नहीं किया जाता है इससे गरीब जनता को अधिक क्षति हो रही है। सिसई की जनता ने अंचल अधिकारी से संबंधित कर्मचारी पर अविलंब कार्रवाई की मांग की है कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### थाना परिसर में शांति समिति सह होली मिलन समारोह आयोजित

## होली-रमजान को सौहार्द के साथ मनाने का लिया गया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**



**पालकोट (गुमला)।** पालकोट थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक सह भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्य एवं विभिन्न पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक के दौरान रंगों के पर्व होली को आपसी सद्भाव, भाईचारे और शांति के साथ मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस सर्किल निरीक्षक गुलशन भेंगरा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक से हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष होली और रमजान का पर्व लगभग एक ही समय पर पड़ रहा है, इसलिए सभी को एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का विशेष ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपसी सम्मान और समन्वय ही क्षेत्र की पहचान है, जिसे बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

पालकोट थाना प्रभारी तरुण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि होली और रमजान दोनों भाईचारे और सद्भाव के प्रतीक पर्व हैं। किसी भी धर्म या समुदाय की आस्था को ठेस पहुंचाने वाली गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अश्लील गाने बजाना, शराब के नशे में उत्पात मचाना या किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक कृत्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सर्किल इंस्पेक्टर गुलशन भेंगरा एवं थाना प्रभारी तरुण कुमार ने कहा कि होली के दौरान किसी भी प्रकार का हुड़दंग प्रशासन बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के लोगों से अपील की कि शांति एवं सद्भावना के साथ पर्व मनाएं। यदि कोई व्यक्ति त्योहार में व्यवधान डालने का प्रयास करे तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें।

### धूमधाम से मना भव्य होली मिलन समारोह

**गुमला।** रंगों के पावन पर्व होली को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गुमला थाना परिषद परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के विभिन्न समुदायों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में पूरा परिसर रंग, उमंग और आपसी भाईचारे के वातावरण से सराबोर हो उठा। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी हरीश कुमार ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और आपसी सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुमला की पहचान हमेशा से शांति और आपसी एकता के लिए रही है, जिसे बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें, सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश साझा न करें।

### कुरूमगाड़ वन क्षेत्र में सखुआ की अवैध कटाई जलावन की आड़ में हरियाली पर संकट



**चैनपुर।** एक तरफ जहां सरकार 'जल-जंगल-जमीन' के संरक्षण का ढिंढोरा पीट रही है, वहीं दूसरी ओर चैनपुर प्रखंड के कुरूमगाड़ वन क्षेत्र में वन माफिया और स्थानीय लोग मिलकर प्रकृति के फेफड़ों को छलनी कर रहे हैं। ताजा मामला चित्तरपुर और कोरवा टोली का है, जहाँ जलावन की आड़ में बेशकीमती सखुआ (साल) के हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ियाँ चल रही हैं।क्षेत्र में लकड़ी कटाई का खेल बड़े शातिर तरीके से खेला जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, लकड़ी काटने वाले लोग अक्सर जमीन को 'रैयती' बताकर वन विभाग की कार्रवाई से बचने की कोशिश करते हैं।हालांकि, सरकारी नियमों के मुताबिक निजी जमीन पर भी सखुआ जैसे कीमती पेड़ों को काटने के लिए वन विभाग से विधिवत अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना परमिट के हो रही यह कटाई सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है।चित्तरपुर निवासी हेनरी तिग्गा ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने भारी संख्या में सखुआ के छोटे पेड़ों की कटाई की है। उनके द्वारा दिए गए तर्क चौंकाने वाले हैं उन्होंने बताया कि लकड़ियां बारिश के मौसम में जलावन के लिए स्टॉक की जा रही थीं। स्वीकार किया कि उनके पास पेड़ काटने का कोई आधिकारिक सरकारी परमिट या लिखित अनुमति पत्र नहीं है। उन्होंने जमीन को अपनी निजी संपत्ति बताते हुए कहा कि वे इसकी मालगुजारी भरते हैं, इसलिए उन्हें पेड़ काटने का हक है।यह पहली बार नहीं है जब कुरूमगाड़ में वन संपदा को नुकसान पहुँचाया गया हो। कुछ समय पूर्व छतरपुर में भी सड़क किनारे पेड़ों की अवैध कटाई हुई थी, लेकिन मामला केवल 'जांच' तक ही सीमित रह गया। प्रशासन और वन विभाग की इस शिथिलता के कारण लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।ग्रामीणों ने चिंता जाहिर किया ओर कहा कि"यदि इसी रफ्तार से सखुआ के पेड़ कटते रहे, तो न केवल हरियाली खत्म होगी, बल्कि जंगली जानवरों का पलायन बस्तियों की ओर शुरू हो जाएगा, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति पैदा होगी।जलावन की आड़ में हरे पेड़ों की बलि देना पर्यावरण के साथ बड़ा खिलवाड़ है। अब देखना यह है कि क्या वन विभाग हेनरी तिग्गा और ऐसे अन्य लोगों पर कड़ी कार्रवाई करता है, या यह मामला भी पिछली फाइलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

## रसोइया-संयोजिका संघ की बैठक में हड़ताल जारी रखने का ऐलान

**गुमला।** आज झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक पालकोट प्रखंड में आयोजित की गई। बैठक में जिलेभर से बड़ी संख्या में रसोईया-संयोजिका अध्यक्ष शामिल हुईं। बैठक का मुख्य उद्देश्य जारी हड़ताल को सफल बनाने एवं संगठन की आगामी रणनीति तय करना था। संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक सभी रसोईया-संयोजिकाएं स्कूल नहीं जाएंगी और अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखेंगी।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विभाग द्वारा हड़ताल तोड़ने के लिए दबाव बनाया जा सकता है और नए रसोईया बहाल करने या वर्तमान कर्मियों को हटाने की बात कही जा सकती है। हालांकि, संघ ने सभी सदस्यों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के दबाव या डर से प्रभावित न हों। पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि किसी को भी हटाया नहीं जा सकता है और सभी एकजुट रहकर अपनी मांगों के समर्थन में डटे रहें। संघ ने सरकार के सचिव द्वारा जारी पत्र को वापस लेने की भी मांग की। वक्ताओं ने कहा कि जब तक उक्त पत्र वापस नहीं लिया जाता और उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष पुष्पा डाग, प्रखंड सचिव मधुरी देवी सहित सैकड़ों रसोईया-संयोजिका अध्यक्ष उपस्थित रहीं। अंत में देवकी देवी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आंदोलन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

## चित्रगुप्त महापरिवार ने किया भव्य होली मिलन समारोह, रंग-उमंग और सामाजिक एकता का संदेश

- अबीर-गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** शहर के डीएसपी रोड स्थित चित्रगुप्त भवन में चित्रगुप्त महापरिवार की ओर से भव्य एवं गरिमामय होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में चित्रगुप्त परिवार के सदस्य, समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं एवं युवा वर्ग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। पूरा परिसर रंगों, उमंग और आपसी भाईचारे के वातावरण से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तरीके से की गई। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और गले मिलकर सामाजिक एकता एवं सौहार्द का संदेश दिया। समारोह के दौरान समाज के बुजुर्गों ने नई पीढ़ी को होली के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व से अवगत कराया तथा आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।

होली मिलन समारोह में महिलाओं और युवाओं की विशेष भागीदारी रही। पारंपरिक होली गीतों, हंसी-ठिठोली और रंगारंग माहौल के बीच सभी ने उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। बच्चों ने भी रंगों के साथ खूब मस्ती की, जिससे कार्यक्रम में पारिवारिक और आत्मीय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजन जैसे गुजिया, मालपुआ, दहीबड़ा, नमकीन एवं मिठाइयों की विशेष व्यवस्था की गई थी। उपस्थित लोगों ने इन व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और सौहार्द का विशेष ध्यान रखा गया। समारोह में विशेष रूप से उपस्थित प्रमुख सदस्यों में डॉ. ए. डी. एन. प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद नरेश, एन. एम. पी. श्रीवास्तव, विजय शंकर दास, रवींद्र श्रीवास्तव, ज्योति सिन्हा, गोलू श्रीवास्तव,एवं अखौरी ए. आर. आर. सिन्हा सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### बाल विकास कार्यालय में धूमधाम से मना होली मिलन समारोह



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड परिसर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीडीपीओ यादव बैठा एवं महिला पर्यवेक्षिका अंजली वर्मा की उपस्थिति में प्रखंड क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। समारोह को संबोधित करते हुए सीडीपीओ यादव बैठा ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और सौहार्द का त्योहार है। उन्होंने सभी कर्मियों को कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया और सुरक्षित व शांतिपूर्ण होली मनाने की अपील की।

